लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक 28.1.2020 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 4-6

# एचएयू में कुलपति केपी सिंह ने फहराया तिरंगा

जागरण संवाददाता, हिसार : एचएयू में गणतंत्र दिवस उत्साह मनाया गया। विश्वविद्यालय के हॉकी ग्राउंड के प्रांगण में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने तिरंगा फहराया।

लुवास के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया की अगवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एनसीसी. कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। प्रो. सिंह ने कहा कि हर देश को अपने नागरिकों की सुरक्षा व उनकी देखभाल व उनके संरक्षण का कर्तव्य व अधिकार है।

सभी देशों का यह प्रयास रहता है कि वह अपने देश के नागरिकों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करें जिसके लिए वह समय समय पर नई नई स्कीम लागू करते हैं। कार्यक्रम में साक्षी मलिक व शलेन्द्र ने मंच संचालन, दिप्ती सहरावत, कृष व डेजी ने कविता प्रस्तुत की।

**कार्यक्रम**

- लुवास के कुलपति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे
- कार्यक्रम में सांक्षी मलिक और शलेन्द्र ने किया मंच संचालन



हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह सलामी लेते हुए। ● विज्ञप्ति

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......हरि·भूमि......

दिनांक ..28.1.2020.. पृष्ठ सं. ..10.. कॉलम ..6-8..

# हकृवि में प्रो. केपी सिंह व लुवास में डॉ. गुरदयाल ने फहराया ध्वज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। विश्वविद्यालय के हॉकी ग्राउंड के प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया।



इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया की अगवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एन.सी.सी. कैडेट्स तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की टुकडियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विश्वविद्यालय तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें सांक्षी मलिक व शलेन्द्र ने मंच संचालन, दिप्ती सहरावत, कृष व डेजी ने कविता प्रस्तुत की। समारोह में कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गईं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...अमर उजाला, पंजाब केसरी...
दिनांक ...28.1.2020... पृष्ठ सं ...3, 2... कॉलम ...2, 3, 3...

## हर देश को अपने नागरिकों की सुरक्षा का अधिकार : प्रो. सिंह



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के हॉकी ग्राउंड में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया की अगवानी में एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

## विश्वविद्यालयों में मनाया गणतंत्र दिवस

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के खेल मैदान में हुए समारोह में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। वहीं चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। इस अवसर पर लुवास के कुलपति डा. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स
दिनांक: 27.1.2020 पृष्ठ सं: 2 कॉलम: 3-4

# हर देश को अपने नागरिकों की सुरक्षा, देखभाल व संरक्षण का कर्त्तव्य व अधिकार है : प्रो. सिंह

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। विश्वविद्यालय के हॉकी ग्राउंड के प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया की अगवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एन.सी.सी. कैडेट्स तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर देश को अपने नागरिकों की सुरक्षा व उनकी देखभाल व उनके संरक्षण का कर्त्तव्य व अधिकार है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें साक्षी मलिक व शलेन्द्र ने मंच संचालन, दिशी सहरावत, कृष व डेजी ने कविता प्रस्तुत की। समारोह में कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गई।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम..........दैनिक भास्कर..........
दिनांक....28.1.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....6-8....

## स्पर्धा में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी एचएयू की छात्रा प्रियंका

**हिसार** | एचएयू के छात्र अक्षय महता और प्रियंका गुप्ता ने भारतीय रेडक्रास समिति की ओर से कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय एंबुलेंस प्रतियोगिता में प्रियंका गुप्ता ने प्रथम और अक्षय महता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। एचएयू रैडक्रास अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि अब प्रियंका गुप्ता राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।



राज्य स्तरीय प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता में विजेता प्रियंका गुप्ता और अक्षय महता अपने शिक्षकों के साथ।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 28.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

## प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम



हिसार। 27 जनवरी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अक्षय महता व प्रियंका गुप्ता ने भारतीय रेडक्रास समिति द्वारा राज्य स्तरीय एम्बुलेंस प्रतियोगिताओं के तहत राज्य स्तरीय प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रियंका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अक्षय महता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। हकृवि रेडक्रास अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि अब प्रियंका गुप्ता राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........

दिनांक....28.1.2020.... पृष्ठ सं....12.... कॉलम....7-8....

## एम्बुलेंस प्रतियोगिता में प्रियंका अव्वल



हिसार। हकृवि के छात्र अक्षय महता व प्रियंका गुप्ता ने भारतीय रेडक्रास समिति द्वारा राज्य स्तरीय एम्बुलेंस प्रतियोगिताओं के तहत राज्य स्तरीय प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता, कुरूक्षेत्र में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रियंका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अक्षय महता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने छात्रों को बधाई दी। हकृवि रेडक्रास अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि अब प्रियंका गुप्ता राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 28.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-5

**राष्ट्रीय सेमिनार एजीमैट 2020** • एचएयू के वीसी और अनुसंधान निदेशक ने वैज्ञानिकों व स्टूडेंट्स को दी बधाई

# एचएयू के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल में जीते कई अवॉर्ड

भास्कर न्यूज | हिसार


डॉ. कृष्णा।


करिश्मा।


ममता।


डॉ. करमल सिंह।


डॉ. संदीप आर्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व स्टूडेंट्स ने केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार ऑन एग्रो मैटरोलॉजिकल इन्टरवेन्शनस फॉर एन्हान्सिंग फॉरमर्स इनकम (एजीमैट 2020) विषय पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह व अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने वैज्ञानिकों व छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस राष्ट्रीय सेमिनार की विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ. कृष्णा रोलानिया, डॉ. करमल सिंह मलिक, करिश्मा नन्दा व ममता ने अपने-अपने विषय पर प्रस्तुति दी। वैज्ञानिक श्रेणी की थीम सात में डॉ. कृष्णा रोलानिया और डॉ. पाला राम द्वारा आऊटब्रेक ऑफ वाईटफलाई ऑन कॉटन इन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतिकरण को प्रथम स्थान, थीम नौ में डॉ. संदीप आर्य, डॉ. करमल सिंह, डॉ. शिव कुमार लोहान और डॉ. ओपी टोकी द्वारा ईकोलोजिकल रोल ऑफ खेजड़ी ट्रीज इन रीजीलिएनस ऑफ एग्रीकल्चर इन सेमी-ऐरिड लैंडसकेपस ऑफ हरियाणा एवं राजस्थान लोकेटेड ईन द वेस्टर्न पाट्र्स ऑफ इंडिया, विषय पर प्रस्तुतिकरण को द्वितीय स्थान प्राप्त किए। छात्र श्रेणी की थीम नौ में करिश्मा नन्दा, डॉ. संदीप आर्य व डॉ. पवन कुमार पुनिया द्वारा मीटीगेशन ऑफ क्लाईमेट चेंज थरो मीलिआडूबिआ बेसड एग्रोफोरेस्ट्री सिस्टम्स ईन सेमी-ऐरिड जॉन ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुतिकरण को द्वितीय स्थान व ममता, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दिवान सिंह एण्ड अमित सिंह द्वारा एक्सट्रीम टैम्परेचर एण्ड रेनफॉल वैदर ईवेन्टस ईन हरियाणा, इंडिया फॉर द पीरियडस फरोम 1985-2014 एण्ड ईट्स पॉसीबल ईम्पक्टस विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान प्राप्त किए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 28.1.2020 पृष्ठ सं. 16 कॉलम 4-5

# एचएयू के छात्रों ने केरल विवि के राष्ट्रीय सेमिनार में जीते अवार्ड


डा. कृष्णा । ● विज्ञप्ति


डा. करमल सिंह । ● विज्ञप्ति


डा. संदीप आर्य । ● विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, हिसार** : केरल के त्रिशूर में स्थित केरल कृषि विश्वविद्यालय में एग्रो मैटरोलॉजिकल इन्टरवेन्शनस फॉर एन्हान्सिंग फॉरमर्स इनकम (एजीमैट 2020) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व छात्रों की टीम ने कई पुरस्कार जीते हैं।

सेमिनार वैज्ञानिक श्रेणी की थीम सात में डा. कृष्णा रोलांनीया और डा. पाला राम द्वारा आउट ब्रेक ऑफ वाईटफ्लाई ऑन कॉटन इन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान, थीम नौ में डा. संदीप आर्य, डा. करमल सिंह, डा. शिव कुमार लोहान और डा. ओपी टोकी द्वारा इकोलॉजिकल रोल ऑफ खेजडी ट्रीज इन रीजीलिएनस ऑफ एग्रीकल्चर ईन सेमी-ऐरिड लैंडसकेपस ऑफ हरियाणा एवं राजस्थान लोकेटेड इन द वेस्टर्न पाट्र्स ऑफ इंडिया, विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान प्राप्त किए।

कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके

**कुलपति प्रो. केपी सिंह और अनुसंधान निदेशक डा. एसके सहरावत ने वैज्ञानिकों व छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी**

सहरावत ने वैज्ञानिकों व छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी। डा संदीप आर्य ने बताया कि पिछले कुछ समय में विश्वविद्यालय में वर्क कल्चर को प्रमोट किया जा रहा है। जिसके प्रतिफल छात्र व वैज्ञानिकों को विभिन्न मंचों पर अच्छा प्रदर्शन करने में सफलता मिल रही है।

इसके साथ ही छात्र श्रेणी की थीम नौ में करिशमा नंदा, डा. संदीप आर्य व डा. पवन कुमार पूनिया द्वारा मीटीगेशन ऑफ क्लाईमेट चेंच थरो मीलिआडूबिआ आधारित एग्रो फोरेस्ट्री सिस्टमस इन सेमी-ऐरिड जॉन ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान व ममता, डा. सुरेन्द्र सिंह, डा.अनिल कुमार, डा. दिवान सिंह एवं अमित सिंह द्वारा एक्सट्रीम टैम्परेचर एंड रेनफॉल वैदर इवेन्टस इन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान प्राप्त किए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक ...28.1.2020... पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...4-5...

# एचएयू के वैज्ञानिक, विद्यार्थियों ने केरल कृषि विवि में जीते अवॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

- केरल कृषि विश्वविद्यालय में एग्रो मेटरोलॉजिकल इंटरवेंशनस फॉर एनहांसिंग फार्मर्स इनकम विषय पर आयोजित किया गया था सेमिनार

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया है। यह सेमिनार एग्रो मेटरोलॉजिकल इंटरवेंशन्स फॉर एनहासिंग फार्मर्स इनकम (एजीमैट 2020) विषय पर आयोजित किया गया था। कुलपति प्रो. केपी सिंह व अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने वैज्ञानिकों व छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

सेमिनार की विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ. कृष्णा रोलानिया, डॉ. करमल सिंह मलिक, करिशमा नंदा व ममता ने प्रस्तुति दी। वैज्ञानिक श्रेणी की थीम सात में डॉ. कृष्णा रोलानिया और डॉ. पाला राम द्वारा आउटब्रेक ऑफ व्हाइटफ्लाई ऑन कॉटन इन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतिकरण को प्रथम स्थान, थीम नौ में डॉ. संदीप आर्य, डॉ. करमल सिंह, डॉ. शिव कुमार लोहान और डॉ. ओपी टोकी द्वारा ईको लॉजिकल रोल ऑफ खेजड़ी ट्रीज इन रीजीलिएनस ऑफ एग्रीकल्चर इन सेमी-ऐरिड लैंड स्कैप्स ऑफ हरियाणा ऐंड राजस्थान लोकेटेड इन द वेस्टर्न पार्ट्स ऑफ इंडिया, विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान हासिल हुआ। छात्र श्रेणी की थीम नौ में करिश्मा नंदा, डॉ. संदीप आर्य व डॉ. पवन कुमार पूनिया द्वारा मीटीगेशन ऑफ क्लाइमेट चेंज थ्रो मीलिआडूबिआ बेस्ड एग्रो फोरेस्ट्री सिस्टम्स इन सेमी-ऐरिड जॉन ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुतिकरण को द्वितीय स्थान व ममता, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दिवान सिंह ऐंड अमित सिंह द्वारा एक्सट्रीम टेंपरेचर एंड रेनफॉल वेदर इवेंट्स इन हरियाणा, इंडिया फॉर द पीरियड्स फ्रॉम 1985-2014 एंड इटस पॉसिबल इंपेक्ट्स विषय पर प्रस्तुतिकरण को प्रथम स्थान मिला।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी
दिनांक 28.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

# हकृवि के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल में जीते कई अवार्ड

हिसार, 27 जनवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर में आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार ऑन एग्रो मैटरोलॉजिकल इंटरवेंशनस फॉर एन्हांसिंग फॉरमर्स इन्कम (एजीमैट 2020) विषय पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

इस राष्ट्रीय सैमीनार की विभिन्न प्रतियोगिताओं में डा. कृष्णा रेलानीया, डा. करमल सिंह मलिक, करिशमा नंदा व ममता ने अपने-अपने विषय पर प्रस्तुति दी। वैज्ञानिक श्रेणी की थीम सात में डा.कृष्णा रेलानिया और डा. पाला राम द्वारा आऊटब्रेक ऑफ वाइटफ्लाई ऑन कॉटन ईन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान, थीम 9 में डा.संदीप आर्य, डा.करमल सिंह, डा.शिव कुमार लोहान और डा.ओ.पी. टोकी द्वारा इकॉलोजिकल रोल ऑफ खेजडी ट्रीज ईन रीजीलिएन्स ऑफ एग्रीकृचर ईन सेमी-ऐरिड लैंडसकेपस ऑफ हरियाणा एवं राजस्थान लोकेटेड ईन दि वैस्टर्न पार्ट्स ऑफ इंडिया, विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान प्राप्त किए। छात्र श्रेणी की थीम 9 में करिशमा नंदा, डा. संदीप आर्य व डा. पवन कुमार पूनिया द्वारा मीटिगेशन ऑफ क्लाइमेट चेंज थरो मीलिआड्डबिआ बेस्ड एग्रोफॉरेस्ट्री सिस्टमस ईन सैमी-ऐरिड जॉन ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान व ममता, डा. सुरेंद्र सिंह, डा. अनिल कुमार, डा. दिवान सिंह एंड अमित सिंह द्वारा एक्सट्रीम टैम्परेचर एंड रेनफॉल वैदर इवैंट्स ईन हरियाणा, इंडिया फॉर दि पीरियडस फरोम 1985-2014 एंडईटस पॉसीबल इम्पक्टस विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान प्राप्त किए।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......

दिनांक....27.1.2020.... पृष्ठ सं.....1..... कॉलम.....3-8....

# हकृवि के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल सेमिनार में जीते कई अवार्ड

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व छात्रों ने केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार ऑन एग्रो मैटरोलॉजिकल इन्टरवेन्शनस फॉर एन्हान्सिंग फॉरमरस इंनकम (एजीमैट 2020) विषय पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन



डॉ. कृष्णा रोलानीया | डॉ. करमल सिंह मलिक | करिशमा नन्दा | ममता | डॉ. संदीप आर्य

किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार की विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ. कृष्णा रोलानीया, डॉ. करमल सिंह मलिक, करिशमा नन्दा व मम्ता ने अपने अपने विषय पर प्रस्तुति दी।

वैज्ञानिक श्रेणी की थीम सात मे डॉ.कृष्णा रोलानीया और डॉ. पाला राम द्वारा आऊटब्रेक ऑफ वाईटफलाई आन काटन ईन हरियाणा विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान, थीम नौ मे डॉ.संदीप आर्य, डॉ.कम्मल सिंह, डॉ.शिव कुमार लोहान और डॉ.ओ.पी. टोकी द्वारा ईकोलोजिकल रोल ऑफ खेजडी ट्रीज ईन रेजीलिएन्स ऑफ एग्रीकल्चर ईन सेमी-ऐरिड लैंडस्केपस ऑफ हरियाणा एवं राजस्थान लोकेटेड ईन द वेस्टर्न पार्टस आफ इंडया, विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान प्राप्त किये।

छात्र श्रेणी की थीम नौ में करिशमा नन्दा, डॉ. संदीप आर्य व डॉ. पवन कुमार पुनिया द्वारा मीटीगेशन ऑफ क्लाईमेट चेन्ज थ्रो मीलिआईबिआ बेसड एग्रोफोरेस्ट्री सिस्टमस ईन सेमी-ऐरेड जौन ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुतीकरण को द्वितीय स्थान व ममता, डा.सुरेन्द्र सिंह, डा.अनिल कुमार, डॉ.दिवान सिंह एण्ड अमित सिंह द्वारा एक्सट्रीम टैम्परेचर एण्ड रेनफॉल वैदर ईवेन्टस ईन हरियाणा, इंडिया फॉर द पीरियडस फरोम 1985-2014 एण्ड ईटस पॉसीबल ईम्पक्टस विषय पर प्रस्तुतीकरण को प्रथम स्थान प्राप्त किए।